सुप्रभात
शनिवार 29.06.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 70
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

# देश भर के डेढ़ सौ वैज्ञानिक आईएसएएम पहुंचे

**● आईएसएम में मॉडलिंग विश्लेषण और सिमुलेशन पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम में गणित और कंप्यूटिंग विभाग की ओर से गोल्डन जुबली हॉल में शुक्रवार को मॉडलिंग, विश्लेषण और सिमुलेशन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न तकनीकी और शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 150 वैज्ञानिक, संकाय सदस्य और अनुसंधानकर्ता शामिल हुए। पहले दिन सभी को मशीन लर्निंग की खासियत और उसके उपयोग, रक्षा अनुसंधान में गणित का प्रयोग तथा संक्रामक रोग आदि के बारे में जानकारी दी गई। फरीदाबाद, जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कुलपति एसके तोमर ने गणित शिक्षण और शिक्षा को लोकप्रिय बनाने में संकाय सदस्यों और अनुसंधानकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा अधिक पढ़ाने की तुलना में कम लेकिन गंभीरता से पढ़ाना अधिक महत्वपूर्ण है। संस्थान के निदेशक सुकुमार मिश्रा ने कहा इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में परियोजना के औपचारिक लॉन्च से पहले बहुत सारे सिमुलेशन किये जाते हैं। चंद्रयान -2 की सॉफ्ट-लैंडिंग इसका उदाहरण है, जहां अंतरिक्ष में औपचारिक लॉन्च से पहले पांच-छह साल का सिमुलेशन किया गया था। प्रोफेसर आर के उपाध्याय, विभागाध्यक्ष, गणित और कंप्यूटिंग ने सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में अपने संबोधन के दौरान मॉडलिंग,विश्लेषण और सिमुलेशन पर पहले राष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में जानकारी दी, जबकि प्रोफेसर एस ए साहू ने सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों की




भागीदारी का विवरण दिया। अगले दो दिनों में तकनीकी संस्थानों के 16 प्रतिष्ठित वक्ताओं ने प्रकाश तरंग के प्रसार के सिद्धांत, ग्रेडेड इंडेक्स, क्लैडेड ऑप्टिकल फाइबर, सैंडविच संरचना में ध्रुवीकृत तरंगों की गतिशीलता, सटीक कृषि के लिए एआई का उपयोग सहित अन्य प्रासंगिक मुद्दे पर विचार-विमर्श करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी को सजा आज

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिक का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी हीरालाल टुडू उर्फ हीरालाल मुरमुर को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख निर्धारित की है। हीरालाल टुडू इस मामले में 6 दिसंबर 22 से फरार है जिसकी अनुपस्थिति में अदालत सजा सुनाएगी । प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत पर दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक 3 जुलाई 20 को पीड़िता ट्यूशन पढ़ने के लिए अपने घर से एक निकली थी आरोप था कि हीरालाल उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया उसके साथ मांग में जबरन सिंदूर डाला और उसके साथ दुष्कर्म किया ।अनुसंधान के बाद पुलिस ने 16 सितंबर 20 को आरोप पत्र दायर किया था। 19 मार्च 21 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी । सुनवाई के दौरान अभियोजन ने इस मामले में पांच गवाहों का परीक्षण कराया था।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी रिहा

**धनबाद।** जान लेने की नियत से जहर पिलाने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार साकेत की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी कुम्हारडीह गोविंदपुर निवासी बाबूदास ऊर्फ संजीव दास को संदेह का लाभ देते हुए रिहा कर दिया है। बचाव पक्ष की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने पैरवी की। प्राथमिकी बिजेंद्र रजवार के फर्दबयान पर गोविंदपुर थाने मे दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 18 अगस्त 05 को शाम पांच बजे बिजेंद्र अपने घर के पास मैदान में खेल रहा था। आरोप था कि बाबूदास उसे जबरदस्ती एक बांउड्री मे ले जाकर सुला दियाए पैर दबा कर एक शिशि मे पानी जैसा रंगीन तरल तथा पाउडर मिलाकर मुंह मे जबरन डाल दिया तथा एक चाकलेट खिला दिया जिस कारण वह नशे मे आ गया तथा बेहोश हो गया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 3 जनवरी 06 को आरोप पत्र दायर किया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने कुल 9 गवाहों का परीक्षण कराया था।

### तोपचांची में लावारिस नैनो कार जब्त

**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र के नरकोपी के समीप जीटी रोड के सर्विस रोड में शुक्रवार को लावारिस अवस्था में खड़ी नैनो कार मिली। कार के पीछे का शीशा टूटा हुआ है तथा अंदर शीशे का टुकड़ा बिखरा पड़ा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार नैनो कार गुरुवार से ही लावारिस अवस्था में खड़ी है। सूचना मिलते ही तोपचांची पुलिस पहुंची और एनएच कर्मियों की मदद से कार को थाने ले आई। कार वहां किसने लाई, किस कारण से वहां खड़ी थी आदि सवालों को सुलझाने में तोपचांची पुलिस जूट गई है। हालांकि वाहन नंबर जेएच 10 यू 3547 के अनुसार किसी राहुल कुमार शर्मा के नाम कार दर्ज है।

### हेमंत सोरेन की रिहाई पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**कुमारधुबी।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर रिहाई को लेकर शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा चिरकुंडा के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर खुशी जताई। झामुमो के कार्यकर्ताओं में बाबू खान, आरिफ अली, विश्वनाथ मुखर्जी, राजद के युवा नेता सोनू खान, रोमी गुप्ता आदि मौजूद थे।

# पीएम आवास योजना के लिए भाजपा उपाध्यक्ष बीडीओ से मिले

## बीडीओ को समस्याओं से कराया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बलियापुर के आसनबनी और शीतलपुर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास की समस्या को भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने गंभीरता से लेते हुए बलियापुर बीडीओ से शुक्रवार को मुलाकात की। उन्होंने समस्याओं से बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा को अवगत कराया और जल्द निवारण का प्रयास करने की बात कही। नगर उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची के लाभुकों को इसका फायदा जल्द मिलेगा। इसके बाद अन्य लोगों की प्रक्रिया पूरी कर अविलंब कार्रवाई का आश्वासन प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिया है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि इस योजना का लाभ सभी लाभुकों को मिलेगा।

मौके पर चपला देवी, ममता देवी, शकुंतला देवी, अलका देवी, आलोमनी देवी, जोशना देवी, लतिका देवी, वेदना देवी, चीन देवी, कल्याणी देवी, भादू महताईन, जितेन मलिक, ललित चौबे आदि मौजूद थे।

## झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की डीसी ने समीक्षा बैठक

# शिफ्टिंग कार्य में तेजी लाये बीसीसीएल

**शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा, मूलभूत सुविधाएं व अन्य बिंदुओं पर चर्चा**

विशेष संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने भूमिगत आग और भू धंसान वाले क्षेत्र में रह रहे चिन्हित परिवारों को अविलंब पुनर्वासित करने का बीसीसीएल को निदेश दिया है। शिफ्टिंग के कार्य में तेजी आवश्यक है। सुश्री मिश्र आज समाहरणालय के सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार ;जेआरडीएद्ध की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। उपायुक्त ने जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की । झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार ;जेआरडीएद्ध की अद्यतन स्थिति एवं पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों पर हुए कार्य की जानकारी जेआरडीए के संबंधित पदाधिकारी एवं बीसीसीएल पदाधिकारी से ली। इस दौरान जेआरडीए की एसओपीए लीगल टाइटल होल्डर ;एलटीएचद्ध एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर ;नॉन एलटीएचद्ध की सत्यापन स्थितिए सर्वे वेरीफिकेशनए आवंटन एवं स्थानांतरणए टाउनशिप एरिया के विकासए जमीन संबंधित समस्याएंए हाई रिस्क साइट्सए आवंटनए पुवर्नासए प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई बिंदुओं पर हुई प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि उपायुक्त ने गुरुवार को बेलगढिया इलाके का मुआयना किया था जहां। एक लाख से अधिक प्रभावित परिवार को शिफ्ट करना है। अभी तक मात्र तीन हजार के करीब परिवारों को ही शिफ्ट किया जा सका है।

### समस्याओं से डीसी को कराया गया अवगत

जेआरडीए पदाधिकारी ने टाउनशिप हेतु हाउस अलॉटमेंट सुरक्षा व्यवस्थाए स्वास्थ्य केंद्र विद्यालय निर्माण सड़क निर्माण ट्रांसपोर्ट की सुविधा रोजगार हेतु व्यवस्था राशनकार्ड निर्माण आंगनबाड़ी केंद्रए स्किल डेवलपमेंट एलटीएच के दस्तावेज जांच बच्चो को खेलकूद में बढ़ावा देते हेतु व्यवस्था फेज वार पानी एवं बिजली की व्यवस्था बैंक एवं एटीएम की सुविधा पोस्ट आफिस की सुविधा इंटरनेट की बेहतर सुविधा पौधरोपण आधार निर्माण की सुविधा समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं से संबंधित आ रही समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को शिफ्टिंग में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि कई लाभुकों के एक से अधिक एरिया साइट में नाम है उनके डुप्लीकेसी को चिन्हित कर संशोधित डाटा तैयार करें।

### जन औषधि केंद्र खोलने का सिविल सर्जन को दिया निर्देश

टाउनशिप में स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु एचएससी जन औषधि केंद्र खोलने को लेकर सिविल सर्जन को आगे की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। वहीं शिक्षा पदाधिकारी को टाउनशिप में प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय खोलने हेतु विभाग के नियम अनुरूप कार्य करने को कहा गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र खोलने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सर्वे कराकर आगे की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। टाउनशिप एरिया में स्किल डेवलपमेंट से संबंधित कार्य हेतु डीपीएम जेएसएलपीएस को निर्देशित किया गया। रोजगार सृजन हेतुए बच्चों को स्पोर्ट्स की सुविधाएं उपलब्ध कराकर बेहतर भविष्य हेतु भी संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश उपायुक्त द्वारा दिये गए। वहीं पलानी से बलियापुर रोड हेतु एवं कनेक्टिंग रोड हेतु आरईओ के पदाधिकारी को एस्टिमेट तैयार करने हेतु कहा गया। वही आधार कार्ड निर्माण हेतु डीपीओ यूआईडी को कैम्प लगाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

# आसनसोल डाका डालने जा रहे दो अपराधियों को पुलिस ने दबोचा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** निरसा पुलिस ने बिहार के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो डाका डालने के मंसूबे के साथ आसनसोल जा रहे थे। शुक्रवार की सुबह निरसा थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत माणिक बाखला ने प्रेस वार्ता में बताया कि विगत गुरुवार को धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि बिहार से एक संगठित अपराधी गिरोह सफेद बोलेरो पर सवार होकर डकैती के लिए गिरिडीह के रास्ते निरसा से पश्चिम बंगाल के आसनसोल जा रहा है। इसके बाद निरसा में एक टीम गठित कर शाम के लगभग 4:30 बजे बैरिकेडिंग कर उस वाहन को रोका गया। पुलिस ने जब गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो उस पर सवार कुल पांच अपराधी भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दो अपराधियों को पकड़ लिया, जबकि तीन अपराधी गाड़ी से उतरकर जंगल झाड़ी की तरफ भागने में सफल रहे। प्रेस वार्ता में रजत माणिक बाखला ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शिशुपाल कुमार तथा टमन कुमार बिहार के पटना के रहने वाले हैं। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक ज्वेलरी दुकान में डाका डालने के लिए जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक पिस्तौल, दो देसी कट्टा, 23 जिंदा कारतूस, मोबाइल तथा बोलेरो गाड़ी जब्त की गई है।

# गिरिडीह में प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**कई सामान बरामद, गिरिडीह एसपी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता




**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने एक बार फिर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसपी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के जरिये सूचना मिली कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसी सूचना पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार महतो, पुलिस अवर निरीक्षक पुनित कुमार गौतम, गुंजन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, आरक्षी घनश्याम बिरुआ, मनोज कुमार शामिल थे। टीम ने छापा मारा और 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में बेंगाबाद रघाईडीह का 21 वर्षीय सनफराज अंसारी, हीरोडीह करमाटांड़ का 32 वर्षीय कमरूद्दीन अंसारी, ताराटांड़ जबरदाहा का 23 वर्षीय रंजीत कुमार मंडल और 26 वर्षीय परमेश्वर कुमार मंडल शामिल हैं। अपराधियों के पास से पुलिस ने 6 मोबाइल, 8 सिमकार्ड, 1 पासबुक, 2 एटीएम कार्ड, 1 मारुति सुजुकी स्विफ्ट वाहन, 1 पैन कार्ड और 1 आधार कार्ड बरामद किया है।

# दुष्कर्म के आरोपी की जेल में मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

## अंतिम संस्कार के लिए प्रशासन ने दिये 50 हजार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** दुष्कर्म के आरोप में गिरिडीह जेल में बंद भेलवाघाटी निवासी अर्जुन यादव की गुरुवार को मौत के मामले में जेल प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। गुरुवार की देर रात सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने खूब हंगामा किया। परिजनों ने जेल में मारपीट सहित कई आरोप लगाए। जानकारी मिलने पर जमुआ विधायक केदार हाजरा, भाजपा नेता दिनेश यादव, चुन्नुकांत्त, माले नेता राजेश यादव व राजेश सिन्हा सहित कई जनप्रतिनिधि सदर अस्पताल पहुंचे थे। हंगामा की सूचना मिलने के बाद सदर एसडीएम यशवंत विषपुते, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो भी दल बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझाने की कोशीश की। हालांकि परिजन अर्जुन यादव के साथ जेल में मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप लगा रहे थे। अर्जुन यादव पिछले पांच माह से दुष्कर्म के आरोप में गिरिडीह जेल में बंद था। गुरुवार को अचानक उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जेल अधीक्षक के निर्देश पर पहले जेल के चिकित्सकों ने उसे देखा, फिर सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे आईसीयू में भर्ती कर दिया। परंतु उसकी मौत हो गई। हालांकि मृतक के गले में भी निशान देखे गए। इसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया था। इधर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने देर रात मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया। जिला प्रशासन ने अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार रुपये भी परिजनों को दिये।

### लोडेड देसी कट्टा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कतरास।** सिजुआ स्थित बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता में डी एस पी आनंद ज्योति मिंज ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार एवं अन्य सहकर्मियों ने किशुन महतो उर्फ कारु महतो (उम्र 30 वर्ष) को लोडेड देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ पकडा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि युवक फुलारीटांड कोलियरी के पास हीरो होण्डा पैशन बाइक पर अवैध हथियार के साथ घूम रहा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने के बाद फुलारीटांड़ डेको कम्पनी के पास किशुन महतो उर्फ कारु महतो को कमर लोडेड देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ पकड़ लिया गया।

# सभी सफाई कर्मियों का एक माह में हो ग्रुप बीमा

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष धनबाद पहुंचे, दिये कई निर्देश

**कर्मियों को पोशाक, साबुन व विंटर ड्रेस भी दिया जाये**

विशेष संवाददाता



**धनबाद।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों में कार्यरत सभी सफाईकर्मियों के लिये एक माह के भीतर ग्रुप बीमा सुनिश्चित कराने का निदेश दिया है।आयोग के अध्यक्ष श्री एम वेंकेटशन आज धनबाद समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। आयोग केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्रालय का अंग है। बैठक में श्री वेंकेटशन ने धनबाद नगर निगमए नगर परिषद चिरकुंडाए आईआईटीए आईएसएमए सिंफर के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों की सुरक्षा और समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में आयोग के अध्यक्ष एमण वेंकटेशन ने सफाई कर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कार्यरत सफाई कर्मियों बाह्यस्त्रोत के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मियों के मिलने वाले प्रतिदिन मानदेयए मासिक मानदेय कर्मचारी भविष्य निधि ईपीएफद्ध कर्मचारी राज्य बीमा निगम ईएसआइसी सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शहरी स्थानीय निकायों ने कहा कि लगभग सभी कर्मचारियों को ईपीएफ एवं ईएसआइसी की सेवा उपलब्ध है। बैठक में श्री वेंकेटशन ने महिलाओं की समस्याओं के लिए गठित कोषांग के पदाधिकारीध्सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने की बात कहीं। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों को सभी कर्मचारियों को शतप्रतिशत कर्मियों को ईपीएफ यूएएन नंबर ईएसआइसी कार्ड बनाने उपलब्ध कराने को कहा। वहींए सफाई कर्मियों को पोशाक ;यूनिफार्मद्धए साबुन एवं विंटर ड्रेस भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंन शहरी स्थानीय निकायों को कार्यरत सभी सफाई कर्मियों के लिए ग्रुप बीमा कराने का निर्देश दिया। इसे एक माह में सुनिश्चित करते हुए आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया।

### प्रतिनिधिमंडल से किया संवाद

उन्होंने विभिन्न सफाई कर्मियों के संघ प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। सफाई कर्मियों की समस्याओं को सुना और समाधान की दिशा में कार्य के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार सफाई कर्मियों को नियमानुसार सुविधाएं एवं मानदेय भत्ता दिलवाने की बात कहीं। इस अवसर पर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर नगर आयुक्त रविराज शर्मा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर सहायक श्रायुक्त रंजीत कुमार सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झामुमो ने मनाया जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिलने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधियों ने शहर के रणधीर वर्मा चौक पर एक दूसरे को हरा गुलाल लगाकर जश्न मनाया। पार्टी के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि हमलोगों को न्यायालय पर पूरा भरोसा है, आज जमानत मिली है, आने वाले दिनों में झूठे मुकदमे से पूरी तरह वे बरी होंगे। भाजपा का सच अब जनता भी जान चुकी है, जिसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव है, जिसमें जनता ने करारा जबाब दे दिया है। अब कोई इनके बहकावे में नहीं आने वाला है। मौके पर जिला सचिव मन्नु आलम, केंद्रीय सदस्य निलम मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा का षड़यंत्र नाकाम : अमितेश



वहीं पार्टी के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमितेश सहाय ने कहा कि भाजपा के षड्यंत्र के बावजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। आखिरकार सत्य की जीत हुई और झारखंड का शेर हेमंत सोरेन जेल से छूट गया है। पिछले साढ़े चार साल में हेमंत सोरेन की अगुवाई में झारखंड ने विकास की नई ऊंचाई को छूना शुरू किया था, जिससे घबरा कर भाजपा के झूठे आरोप में उन्हें जेल में डाल दिया। उन्होंने भाजपा के षड्यंत्र के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया।

स्पीड न्यूज

### समाजसेवी के निधन पर शोक की लहर



**कतरास।** छाताबाद 5 नंबर निवासी समाजसेवी नरेश दास (उम्र 52 वर्ष) के असामयिक निधन से शोक की लहर फैल गई। उन्होंने बोकारो बी जी एच अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह डीसी रेल आंदोलन में ड्डाी सक्रिय रहे। उनके आवास पर लोगों ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार लिलोरी मंदिर स्थित मुक्ति धाम में किया गया। मौके पर विजय झा, राजेंद्र प्रसाद राजा, उमेश ऋषि, परवेज अहमद, विनय पासवान, राजेश राम मौजूद थे।

### डॉ अंजना सिन्हा सखी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित



**धनबाद ।** धनबाद बेकारबांध निवासी छत्तीसगढ़ के रायगढ़ की वरिष्ठ शिक्षिका लोकप्रिय साहित्यकार अंजना सिंह सखी का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। उन्होंने छंद बद्ध ड्डारत का संविधान लिखकर नई दिल्ली के हिंदी ड्डावन में सम्मानित होने का गौरव प्राप्त किया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर धनबाद के वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य संजय सिंह चंदन,वरिष्ठ पत्रकार उमेश तिवारी, के सी एन क्लब के जिला अध्यक्ष रवि कुमार, सामाजिक साहित्यकार जागरुकता मंच के जिला संयोजक राजेश राय,डॉ. सुप्रिया शिखा,रविंद्र उपाध्याय,स्नेह लता सिंह तथा ललित रंजन आदि ने बधाई दी है और कहा है कि धनबाद और देश के लिए ये सम्मान एवं गर्व का विषय है।

### संकल्प महिला समिति ने बांटी मच्छरदानी

**कतरास।** कतरास क्लब के प्रांगण में दीक्षा महिला मंडल, संकल्प महिला समिति के सदस्यों ने सामाजिक दायित्व के तहत 30 गरीब महिलाओं के बीच मच्छरदानी, बेडशीट, बिस्कुट और छांछ का वितरण किया। इस मौके पर संकल्प महिला समिति, कतरास क्षेत्र की अध्यक्ष ड्डारती महापत्रा, पूनम सिंह, रेखा कुमार, आशा शांडिल्य, बीना चौधरी, श्रीमति रेणु सिंह, नीलू सिंह और अन्य मौजूद थीं।

### हेल्थ इज वेल्थ संस्थान ने शुरू की एंबुलेंस सेवा

**जोड़ापोखर।** हेल्थ इज वेल्थ नामक संस्थान द्वारा डिगवाडीह मस्जिद के निकट एम्बुलेंस सेवा का शुड्डारंड्डा किया गया है। समाज सेविका तेतरी देवी ने शुक्रवार को एम्बुलेंस सेवा का उद्धघाटन किया। निदेशक संजय पासवान ने कहा कि एम्बुलेंस की सेवा 24 घंटे असाध्य रोगियों के लिए उपलब्ध रहेगी। एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से डिगवाडीह के स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं।

### विकास कार्यों में तेजी लाने का आह्वान

**कतरास।** पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बाघमारा प्रखंड कार्यालय में सड्डाी 61 पंचायतों के मुखियों की बैठक बीडीओ सुषमा आनंद ने बुलाई। विभिन्न पंचायतों में विकास कार्यों की रफ्तार में तेजी लाने का आह्वान बीडीओ ने किया। बैठक में आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, अबुआ आवास योजना आदि का मुद्दा छाया रहा।

# नावाडीह में हो रहा है वन विभाग के भवन का निर्माण

## दो तल्ला इको फ्रेंडली बिल्डिंग में होगा वन अतिथि गृह



खबर मन्त्र सवाददाता

**धनबाद ।** 68 साल बाद धनबाद वन प्रमंडल को अपना अलग कार्यालय भवन मिलने की उम्मीद बंध गई है। नावाडीह स्थित बिरसा मुंडा पार्क के समीप पहाड़ी पर कार्यालय भवन का निर्माण शुरू हो गया है। यह इको फ्रेंडली ग्रीन बिल्डिंग होगा। साल 1956 में धनबाद वन प्रमंडल का कार्यालय यहां खुला, जो कंबाइंड बिल्डिंग के दूसरे तल्ले पर चल रहा है। यहीं चार कमरों में पूरा विभाग कार्यरत है। एक कमरे में वन प्रमंडल पदाधिकारी बैठते हैं। दूसरे में सहायक वन प्रमंडल पदाधिकारी, जबकि दो छोटे कमरों में विभाग के दूसरे कर्मी बैठते हैं। लंबे समय से अलग कार्यालय बनाने के लिए उच्च अधिकारियों से निवेदन किया जा रहा था।

**वन विभाग लगाएगा तीन लाख से अधिक पौधे**

वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने बताया कि इस वर्ष मॉनसून में वन भूमि के अलावा शहरी क्षेत्र तथा नदी किनारे पौधरोपण पर जोर रहेगा। वृहद पैमाने पर वन महोत्सव का आयोजन होगा। इस मॉनसून में तीन से साढ़े तीन लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। वन विभाग के अलावा दूसरी सरकारी एजेंसियों का भी सहयोग लिया जाएगा। वन महोत्सव का आयोजन सभी क्षेत्रों के साथ नगर के भी खाली जगहों पर वन विभाग के सहयोग से पौधा लगाने को लेकर भी चार्च चल रही हैं। बहुत जल्द ही इस योजना पर काम शुरू होगा । आम लोगों से भी सहयोग की उम्मीद हैं कि इस मॉनसून दो पौध जरूर लगाऐ ।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में नावाडीह में वन विभाग की भूमि पर कार्यालय भवन बनाने की योजना को मंजूरी दी गयी।

अप्रैल 2024 में निर्माण कार्य शुरू हुआ। लगभग 95 लाख रुपये की लागत से दो भवन बन रहे हैं। दो मंजिला भवन में कार्यालय होगा। बगल में ही अतिथि गृह होगा। अतिथि गृह में कुल तीन कमरे होंगे। धनबाद में अब तक वन विभाग का एक भी अतिथि गृह नहीं है, जबकि राज्य के अधिकतर जिलों में वन विभाग का अपना अलग अतिथि गृह है।

वन विभाग की एजेंसी द्वारा नावाडीह के पास जंगलो में नये कार्यालय भवन व अतिथि गृह का निर्माण कराया जा रहा है। डिजाइनिंग ऐसी की गयी है कि

> राज्य सरकार से मंजूरी के बाद धनबाद में वन प्रमंडल के कार्यालय भवन का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। कार्यालय के साथ अतिथि गृह का भी निर्माण हो रहा है।
> **विकास पालीवाल, वन प्रमंडल पदाधिकारी**

ज्यादा से ज्यादा एरिया ग्रीन रहे। यह इको फ्रेंडली होगा। निर्माण के बाद कंबाइंड बिल्डिंग से वन विभाग का कार्यालय नावाडीह शिफ्ट हो जाएगा।

वन विभाग की एजेंसी द्वारा नावाडीह के पास जंगलो में नये कार्यालय भवन व अतिथि गृह का निर्माण कराया जा रहा है। डिजाइनिंग ऐसी की गयी है कि ज्यादा से ज्यादा एरिया ग्रीन रहे। यह इको फ्रेंडली होगा। निर्माण के बाद कंबाइंड बिल्डिंग से वन विभाग का कार्यालय नावाडीह शिफ्ट हो जाएगा।

# इंडिया गठबंधन की पार्टियां कांग्रेस के झूठ का दे रही साथ

## आपातकाल का विरोध करते हुए इन दलों का हुआ था जन्म, कैसे भूल गए वे दिन : राज सिन्हा

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद ।** लोकसभा में इंडिया गठबंधन के सांसद का हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ लेना सिर्फ एक दिखावा है। इस गठबंधन के साथी सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस के झूठ का साथ दे रहे हैं। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। उक्त बातें शुक्रवार को अपने आवासीय पर पत्रकार वार्ता में विधायक राज सिन्हा ने कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को समर्थन देने वाले साथी इस बात को भूल गये हैं कि 25 अगस्त 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए आपातकाल लगाया था। उसी का विरोध करते हुए आज के इंडिया गठबंधन में शामिल कई पार्टियों का जन्म हुआ था। उनके नेताओं को जेल में डाला गया था, उनपर न जाने कितने जुल्म किये गये थे। आज जब लोकसभा में आपातकाल का निंदा प्रस्ताव लाया गया तो कांग्रेस को खुश करने के लिए ये लोग विरोध कर रहे थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि आपातकाल पूरे 21 माह रहा था। तब पूरे देश को कैदखाना बना दिया गया था। कुल 1 करोड़ 4 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। हिरासत में 22 की मौत हुई थी। जिस तिहाड़ जेल में 1273 लोगों के रखने की जगह थी, वहां 3500 से अधिक लोगों को भेड़ बकरियों की तरह रखा गया था। अन्य जेलों की स्थिति भी ऐसी ही थी। मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेई, राजनाथ सिंह, लालकृष्ण आडवाणी, जेपी नारायण, मुरली मनोहर जैसे विपक्षी नेताओं को उनकी आवाज दबाने के लिए जबरन जेल में डाला गया था। प्रेस पर पाबंदी लगा दी गई थी। लोगों की जबरन नसबंदी की गई। मौलिक अधिकार छीन लिये गए थे। आज यही लोग संविधान का राग अलाप रहे हैं। भाजपा को नहीं रोका गया तो देश का संविधान बदल जायेगा। 1947 से 2014 के बीच कांग्रेस ने 90 बार आर्टिकल 356 का दुरुपयोग कर प्रदेशों में विपक्षी पार्टियों की सरकार गिराने का काम किया। नहीं कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में 75 बार संविधान का संशोधन किया।

## उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, सुनी पीड़ितों की फरियाद

खबर मन्त्र सवाददाता

**धनबाद ।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों से आये लोगों की फरियाद सुनी। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, होम गार्ड नियुक्ति, आर्म लाइसेंस, सड़क, आय प्रमाण पत्र, वंशावली, छात्रवृत्ति, मुआवजा, वार्ड सदस्य के मानदेय, अबुआ आवास, बंटवारा, जमीन मापी से संबंधित शिकायत आई। उपायुक्त ने विभागीय पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद व जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह मौजूद थे।



### दिव्यांगों की समस्या को लेकर बीडीओ से मिला

**कतरास।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के सदस्यों ने शुक्रवार को दिव्यांगों की समस्या को लेकर बाघमारा प्रखंड के बीडीओ सुषमा आनंद से भेंट की। बीडीओ सुषमा आनंद को दिव्यांगों की सूची देकर समस्याओं से अवगत कराया। झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ ने बताया कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के प्रवधान के तहत सभी योजनाओं में निजी एवं सरकारी रोजगार, शिक्षा आदि में दिव्यांगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की गई। बीडीओ सुषमा आनंद ने जल्द ही समस्यों का समाधान होगा। इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान, प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार रवानी, सदस्य दशरथ शर्मा, पप्पू बेलदार, पूजा कुमारी, सुनील वर्मा, सुरेश यादव, चम्पा देवी, कंचन कुमारी, विक्रम सिंह, पप्पू सिंह, अजय गोस्वामी, उषा देवी, देबू दास, गणपत हाड़ी आदि मौजूद थे।

# स्मार्ट मीटर की गिनाई परेशानियां

## जीएम को दिया ज्ञापन, शीघ्र समाधान की मांग

खबर मन्त्र सवाददाता

**धनबाद ।** विद्युत विभाग के स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी का निदान निकालने की मांग युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी ने महाप्रबंधक से की है। इस आशय का ज्ञापन संगठन के संयोजक उदय प्रताप सिंह व अध्यक्ष दिलीप सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक को दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद से उपभोक्ताओं का बिल बहुत ज्यादा आ रहा है।

हर क्षेत्र में यह शिकायत है। बिल इतना अधिक है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोग इसे चुकाने में असमर्थ हैं। ज्ञापन में मांग की गई है की स्मार्ट मीटर की तकनीकी जांच विशेषज्ञों से कराई जाए ताकि नियम के अनुसार उचित बिल आए। मांग की गई है कि विद्युत विभाग स्मार्ट मीटर दुरुस्त करने का काम शीघ्र कराये तथा समस्या को संज्ञान में लेकर तुरंत समाधान किया जाए।

साथ ही लो वोल्टेज, बिजली ओवरलोडिंग आदि समस्याओं से निजात दिलाने की दिशा में कार्य हो और निर्बाध बिजली आपूर्ति कराई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह, संयोजक उदय प्रताप सिंह, पप्पू सिंह, एम सिंह, इरफान अंसारी, कुंदन कुमार तथा सरदार सोनी सिंह शामिल थे।

### जर्जर क्वार्टरों के धंसने का खतरा, मरम्मत की मांग

**कतरास ।** बाघमारा ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल के भीमकनाली श्रमिक कॉलोनी चार तल्ला साइड काली मंदिर के निकट बिल्डिंग नंबर 13 के क्वार्टरों की जर्जर स्थिति पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष बच्चू राय ने जी एम को पत्र लिखा है। पत्र में क्वार्टरों की मरम्मत कराने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि बिल्डिंग के कवार्टरों की मरम्मत नहीं होने से जान माल का खतरा है। पत्र में कहा गया है कि इस बिल्डिंग के ब्लॉक में 16 क्वार्टरों में 16 परिवार के लगड्डाग 80 लोग रहते हैं। यह ब्लॉक कभी भी धंस सकता है और बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। किसी के भी जान माल की क्षति हो सकती है।

# इंटरनेशनल ओलंपिक डे सप्ताह के तहत स्वीमिंग प्रतियोगिता संपन्न



**धनबाद।** जिला ओलंपिक संघ के बैनर तले विगत 23 जून से इंटरनेशनल ओलंपिक डे सप्ताह-व्यापी खेल के तहत स्वीमिंग प्रतियोगिता शुक्रवार को दून पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। सड्डाी प्रतिड्डाागियों के बीच उम्र के अनुसार चार वर्गों की स्पर्धाएं आयोजित हुई। परिणाम इस प्रकार हैं: अंडर 14 ग्रुप अः राधेश्याम गुप्ता (प्रथम), आदित्य राज (द्वितीय) तथा विवेक कुमार (तृतीय).अंडर 14 ग्रुप बः अंशुमन कुमार (प्रथम), रवि कुमार साव (द्वितीय) तथा अमित कुमार साव (तृतीय).अंडर 17 ग्रुप अः समीर होंहगा (प्रथम), कार्तिक कुमार (द्वितीय) तथा आदित्य कुमार झा (तृतीय).अंडर 17 ग्रुप बः सौम्या रंजन दास (प्रथम) तथा आदित्य सिंह (तृतीय)। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सौम्या रंजन दास को बेस्ट स्विमर का खिताब दिया गया।

### गर्मी में बच्चों ने शिक्षिका के साथ की मस्ती

**धनबाद ।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर किड्स विंग में शुक्रवार को कक्षा नर्सरी के बच्चों के लिए रेन डांस का आयोजन किया गया। बच्चों ने तपती गर्मी में इस रोचक आयोजन का खूब लुत्फ उठाया। सभी ने अपनी वर्ग शिक्षिका के साथ जमकर खूब मस्ती की। शिक्षकों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रुप से स्कूल भेजने तथा घर में भी बच्चों को होमवर्क आदि कराने की अपील की। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव, किड्स स्विंग इंचार्ज मौसमी दास, नर्सरी की शिक्षिकाएं कविता आचार्य, सुमोना सेनगुप्ता, श्वेता कुमारी, उर्मी सिन्हा एवं राजनंदिनी टुडू का योगदान रहा।



# जहां बुजुर्गों का सम्मान, वह घर स्वर्ग समान :राकेश सिन्हा

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र सवाददाता



**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में शुक्रवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी का चरण प्रक्षालन, चंदन टीका एवं पुष्पार्चन कर उनका स्वागत किया।

वंदना सभागार में मुख्य अतिथि चरण महतो, विशिष्ट अतिथि विनोद सिंह, पतंजलि योग शिक्षक ललन यादव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्य उत्तम गयाली, दादी प्रतिनिधि मंजू श्रीवास्तव, पूर्व शिक्षक सतीश पांडे एवं विद्यालय के प्राचार्य राकेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप जला कर समारोह की शुरूआत की।

इस अवसर पर पर प्राचार्य राकेश सिन्हा ने कहा कि जहां बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह घर स्वर्ग समान होता है। उन्होंने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति एवं संस्कार को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी ईश्वर के प्रतिरूप होते हैं। उनका सदैव सम्मान होना चाहिए, क्योंकि बच्चों में असली संस्कार दादा-दादी एवं नाना-नानी ही ड्डारते हैं। परंतु वर्तमान समय में ऐसा लग रहा है कि बुजुर्गों के प्रति हम उदासीन होते जा रहे हैं। पाश्चात्य संस्कृति हमारे ऊपर हावी होती जा रही है। तभी तो जगह-जगह पर हैप्पी होम एवं वृद्धाश्रम विकसित होते जा रहे हैं। परंतु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बुजुर्ग वट वृक्ष की तरह होते हैं, जिसकी छाया हमें शांति, समृद्धि एवं सुरक्षा प्रदान करती है।

मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक विश्वनाथ दास ने किया। मुख्य अतिथि चरण महतो ने कहा कि वह हर वर्ष इस सम्मान समारोह में सम्मिलित होते हैं और खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

समारोह में अतिथियों का परिचय शिक्षक धर्मेंद्र तिवारी ने कराया। समारोह को सफल बनाने में शिक्षक विकास गुप्ता,अशोक कुमार सिंह, निशा तिवारी, कुमारी नमिता, नवल किशोर झा, अनीता कुमारी, मुरारी दयाल सिंह, नमिता कुमारी, उषा कुमारी, जितेंद्र कुमार दुबे, सुतापा विश्वास, विनीता कुमारी, अनूप कुमार पांडे, सुलेखा कुमारी एवं पीयूष बेरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन



**धनबाद ।** पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में शुक्रवार को नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन कुलपति प्रो डॉक्टर पी के पोद्दार ने किया। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि के कुलपति ने कॉलेज के विकास में इस नए अध्याय के जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कविता सिंह द्वारा स्पोर्ट सेंटर को 10 चेस बोर्ड प्रदान करने की सराहना की। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि डीएसडब्ल्यू डॉक्टर पुष्पा कुमारी, कुलसचिव डॉक्टर कौशल कुमार, डॉ एलबी सिंह थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई पर मनाया जश्न

**सिंदरी ।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर शुक्रवार को सिंदरी के रोहड़ाबांध में संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर खुशी जताई। न्याय की जीत सुनिश्चित है। कार्यक्रम में झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, सिंदरी नगर अध्यक्ष अशोक महतो, फागु प्रमाणिक, सीपीआईएम नेता गौतम प्रसाद, कांग्रेस नेता अजय कुमार, सीपीआईएमएल नेता कृष्णा प्रसाद महतो, विमल रवानी, राजद सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, रोहित मंडल, नाजु सिंह, उमेश राम, इम्तियाज अहमद, बृजेश्वर सिंह, राकेश कुमार, विकास मंडल मौजूद थे।

